टीएसवीएस में बैकबेंचर्स बनकर टीचर्स ने एंजॉय किया टीचर्स-डे

स्टूडेंट्स के क्रिएशन से बुलेटिन बोर्ड और क्लासरूम सजे नजर आए

बच्चों ने टीचर्स के लिए फन एक्टिविटीज के साथ-साथ म्यूजिकल परफॉर्मेंस भी दी।

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

टीएसवीएस में टीचर्स डे पर स्कूल का बुलेटिन बोर्ड और क्लासरूम सभी कुछ स्टूडेंट्स के क्रिएशन से सजा नजर आया। यहां टीचर्स डे को स्टूडेंट्स ने अनोखे अंदाज में सेलिब्रेट किया। सेलिब्रेशन के लिए स्टूडेंट्स ने अपने टीचर्स के लिए एंटरटेनिंग परफॉर्मेंस तैयारी की। प्रांगण ब्लॉक के स्टूडेंट्स ने पूरे इंथूसियाज्म के साथ टीचर्स का वेलकम किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने टीचर्स के लिए तरह-तरह की कल्चरल परफॉर्मेंस को अपने इमेजिनेशन और क्रिएशन से तैयार किया। बच्चों के क्रिएशन ने टीचर्स को स्पेशल फील करवाया। हर क्लास में पैरेंट्स ने वॉलेंटियर के तौर पर काम किया। बच्चों के पैरेंट्स ने न सिर्फ क्लासरूम को डेकोरेट करने में हेल्प की, बल्कि उनकी क्लासरूम एक्टिविटीज में खुद भी इंगेज हुए। इस खास सेलिब्रेशन में टीचर्स क्लास के बैकबेंचर्स बने और इस खास ओकेजन को खूब एंजॉय किया।